University in News on 19 April 2024

NBT PAGE 4

लखनऊ विवि

बनेगा शौचालय, लगेंगे वॉटर कूलर



■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर गुरुवार को वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने नए वाणिज्य ब्लॉक में छात्राओं के लिए नया शौचालय बनाने और अलग-अलग मंजिलों पर दो वाटर कूलर लगाने को कहा। पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। वीसी ने टैगोर लाइब्रेरी में स्टूडेंट्स से बजट, कृषि अर्थशास्त्र और संबंधित क्षेत्रों पर चर्चा की। कई सुझाव भी दिए। वीसी ने निर्माण विभाग के इंजिनियर्स को हर परिसर में गुणवत्तापूर्ण छात्र सुविधाएं, ठंडा और स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

रोगियों को योग सिखाएंगे लविवि के विद्यार्थी

लखनऊ। लविवि के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के 16 पूर्व छात्र-छात्राओं का आयुष विभाग के तहत संचालित राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ है। कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि इन चिकित्सालयों में आने वाले रोगियों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, जोड़ों के रोग, दमा, अनिद्रा व तनाव प्रबंधन के लिए प्रशिक्षक योगाभ्यास सिखायेंगे। उन्होंने बताया कि डॉ. अर्चना वर्मा, मीनाक्षी सिंह, सीमा यादव, सविता वर्मा, अंजलि महतो, सरिता रावत, अनीता, सौम्या अग्निहोत्री, सुमित गौतम, कौशल किशोर, प्रेम कुमार, दुर्गेश गौड़, गुरुदेव कुमार, बॉबी ख़ान, महेश कुमार का चयन हुआ है। (संवाद)

कुलपति ने पुराने परिसर में जांचीं व्यवस्थाएं

लखनऊ। बढ़ती गर्मी को देखते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय बृहस्पतिवार को लविवि के पुराने परिसर पहुंचे। उन्होंने वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी का दौरा किया और छात्रों, कर्मचारियों व संकाय सदस्यों से बात की। नए वाणिज्य ब्लॉक में उन्होंने लड़कियों के लिए एक नया शौचालय बनाने और दो अलग-अलग मंजिलों पर दो वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए। वाणिज्य ब्लॉक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। टैगोर लाइब्रेरी में कुलपति ने पुस्तक निर्गम काउंटर पर छात्रों से बातचीत की और संबंधित विषयों पर सवाल पूछे। बजट, कृषि, अर्थशास्त्र और संबंधित क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए उन्होंने एमए अर्थशास्त्र की छात्रा मानसी को पढ़ने और तैयारी के बारे में कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए। निर्माण विभाग के इंजीनियरों को प्रत्येक परिसर में गुणवत्तापूर्ण छात्र सुविधाएं, ठंडा और स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि यह छात्रों के साथ व्यावहारिक जुड़ाव की दिशा में एक नियमित दौरा था। (संवाद)

16 पूर्व स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के 16 पूर्व स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के पद पर प्लेसमेंट हुआ है। को ऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि चयनितों में डॉ.अर्चना वर्मा, मीनाक्षी सिंह, सीमा यादव, सविता वर्मा, अंजलि महतो, सरिता रावत, अनीता, सौम्या अग्निहोत्री, सुमित गौतम, कौशल किशोर, प्रेम कुमार, दुर्गेश गौड़, गुरुदेव कुमार, बॉबी खान और महेश कुमार शामिल हैं।

लविवि की छात्रा ने क्रोध प्रबंधन पर किया शोध

संवाद न्यूज एजेंसी

मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला के निर्देशन में शोधार्थी निहारिका ने किया अध्ययन

लखनऊ। लविवि के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला के निर्देशन में शोध छात्रा निहारिका शुक्ला ने छात्रों के बीच स्व-नियमन के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर शोध अध्ययन को तीन चरणों में विभाजित किया है। पहले चरण में विवि के 200 छात्रों को क्रोध, आत्म विनियमन और निपटने की रणनीति के स्तर का आकलन करने के लिए चुना गया।

दूसरे चरण में विश्वविद्यालय के 22 छात्रों का चयन किया गया, जो स्व-नियमन तकनीकों- संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर आधारित परामर्श के लिए क्रोध में उच्च थे। परामर्श सत्र 21 दिन के लिए आयोजित किए गए, जिसमें छात्रों ने गुस्से को प्रबंधित करने के लिए कुछ तकनीकें सीखीं। एंगर मीटर, डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज, प्रोग्रेसिव मस्कुलर रिलैक्सेशन तकनीक व संघर्ष समाधान का प्रशिक्षण लिया। तीसरे चरण में 22 छात्रों का क्रोध, आत्म-नियमन के स्तर को निर्धारित करने के लिए पुनर्मूल्यांकन किया गया।

परिणामों ने विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच गुस्से, आत्म-नियमन और निपटने की रणनीतियां में सकारात्मक बदलाव का संकेत दिया। अध्ययन ने क्रोध प्रबंधन पर परामर्श देकर, आत्म-नियमन को बढ़ाने और इससे निपटने की रणनीतियों को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। इससे उन्हें अपने सामान्य स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने में मदद मिली।

HINDUSTAN PAGE 6

शोधः आत्म विनियमन से क्रोध पर काबू पा सकेंगे

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में क्रोध प्रबंधन पर शोध हुआ है। इसे शोध छात्रा निहारिका शुक्ला ने विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला की देखरेख में पूरा किया है। शोध में यह निष्कर्ष निकल कर सामने आया कि सेल्फ रेगुलेशन और परामर्श सत्र से क्रोध पर काबू पा सकते हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला ने बताया पहले चरण में विश्वविद्यालय के 200 छात्रों को क्रोध, आत्म विनियमन और निपटने की रणनीतियों के स्तर का आकलन करने के लिए चुना गया था। दूसरे चरण में उच्च क्रोध वाले 22 छात्रों को चुना गया। जिन्हें 21 दिनों तक स्व-नियमन तकनीकों, संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के जरिए क्रोध प्रबंधन पर परामर्श दिया गया। छात्रों ने गुस्से को कम करने के लिए एंगर मीटर, डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज, मस्कुलर रिलैक्सेशन तकनीक सीखीं।

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वाणिज्य विभाग का दौरा किया।

वाणिज्य विभाग में शौचालय बनेगा

लखनऊ। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर मुख्य परिसर में वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी का दौरा किया। छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों से बातचीत की। नए वाणिज्य ब्लॉक में लड़कियों के लिए एक नया शौचालय और दो वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए। वाणिज्य ब्लॉक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। कुलपति प्रो. राय ने टैगोर लाइब्रेरी में छात्रों से बातचीत की।

युवा संसद में जीते बीपीएड चौथे सेमेस्टर के छात्र

लखनऊ। एलयू के शारीरिक शिक्षा विभाग में युवा संसद का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि समाज कार्य विभाग की प्रोफेसर अन्विता वर्मा व रमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता में बीपीएड चौथे सेमेस्टर की टीम विजेता रही। यह विपक्षी टीम थी।

JAGRAN CITY PAGE III

एमसीक्यू पैटर्न पर होंगी प्रवेश परीक्षाएं, निगेटिव मार्किंग नहीं

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 के दाखिले के लिए होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षाएं एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वैश्चयन) आधारित होंगी। इस बार भी कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। बीए, बीएससी, बी.काम, एलएलबी, बीबीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रत्येक पेपर में प्रश्नों की संख्या 100 होगी। विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर इसकी विस्तृत जानकारी अपलोड की है।

लवि ने स्नातक कोर्सों में आवेदन के लिए 31 मई तक तिथि निर्धारित की है। इसके लिए प्रवेश परीक्षाएं 15 से 25 जून तक प्रस्तावित की गई हैं। विश्वविद्यालय पर जारी सूचना के अनुसार प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। प्रवेश परीक्षा का समय सभी कार्यक्रमों के लिए 90 मिनट का होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा का पैटर्न वेबसाइट से देख सकते हैं।

इन विषयों से पूछे जाएंगे प्रश्न : बी.ए की प्रवेश परीक्षा में प्रश्न हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र (12वीं स्तर) विषयों से पूछे जाएंगे। बी.काम (एनईपी) और बी.काम आनर्स की प्रवेश परीक्षा के लिए मानसिक क्षमता, वाणिज्य, एकाउंटिंग, वाणिज्यिक गणित, अर्थशास्त्र और कंप्यूटर (12वीं स्तर) से संबंधित होंगे। बी.एससी (जीव विज्ञान एनईपी) के लिए रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जूलाजी, मानसिक एटीट्यूड और बुनियादी ज्ञान के होंगे। बी.एससी (गणित) एनईपी की प्रवेश परीक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित के 12वीं स्तर, मानसिक एटीट्यूड और कम्प्यूटर के बुनियादी ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। एल.एल.बी (पांच वर्षीय) प्रवेश के लिए कानूनी सामान्य जागरूकता, इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, तर्क और मानसिक से जुड़े प्रश्न आएंगे।

इनका भी विवरण जारी : वेबसाइट पर बी.बी.ए, बी.सी.ए, डी.फार्म, बी.ए/बी.एससी योग, बी.वाक, बी.एफ.ए/ बी.वी.ए में प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी पेपर पैटर्न जारी किया गया है।

छात्राओं के लिए नया शौचालय जल्द लगेंगे दो वाटर कूलर

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय बढ़ती गर्मी और गर्म मौसम को देखते हुए गुरुवार को अचानक पुराने परिसर का निरीक्षण करने निकले। उन्होंने वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी का दौरा किया। छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों से बातचीत की। साथ ही समस्याएं पूछीं। उन्होंने नए वाणिज्य ब्लाक में लड़कियों के लिए एक नया शौचालय बनाने और दो अलग-अलग मंजिलों पर वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए।

उन्होंने वाणिज्य ब्लाक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. राय ने निर्माण विभाग के इंजीनियरों को दोनों परिसर में गुणवत्तापूर्ण छात्र सुविधाएं, ठंडा और स्वच्छ पीने का पानी, स्वच्छ शौचालय आदि सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

छात्र-छात्राओं से पूछा, कैसी चल रही तैयारी : कुलपति टैगोर लाइब्रेरी पहुंचे। यहां उन्होंने पुस्तक निर्गम काउंटर पर छात्र-छात्राओं से बातचीत की। संबंधित विषयों पर सवाल पूछे। बजट, कृषि अर्थशास्त्र और संबंधित क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए उन्होंने एम.ए अर्थशास्त्र की छात्रा मानसी को पढ़ने और तैयारी के बारे में कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए। कुलपति ने कुछ छात्रों से आगामी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में पूछा। प्रो. राय ने कहा कि छात्रों के साथ व्यावहारिक जुड़ाव की दिशा में एक नियमित दौरा था।

निरीक्षण के दौरान छात्रा से बात करते लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार ● लवि

i-NEXT PAGE 4

एलयू में होंगी एमसीक्यू पैटर्न पर प्रवेश परीक्षाएं

LUCKNOW (18 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 के दाखिले के लिए होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षाएं एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वैश्चयन) आधारित होंगी. इस बार भी किसी तरह की कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी. बीए, बीएससी, बीकाम, एलएलबी, बीबीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रत्येक पेपर में प्रश्नों की संख्या 100 होगी. लखनऊ विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर इसकी विस्तृत जानकारी अपलोड की है.

प्रस्तावित डेट आ चुकी है

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक कोर्सों में आवेदन के लिए 31 मई तक तिथि निर्धारित की है. इसके लिए प्रवेश परीक्षाएं 15 से 25 जून तक प्रस्तावित की गई हैं. लखनऊ विश्वविद्यालय पर जारी सूचना के अनुसार प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा. प्रवेश परीक्षा का समय सभी कार्यक्रमों के लिए 90 मिनट का होगा. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा का पैटर्न वेबसाइट से देख सकते हैं.

अग्रिम आदेशों तक फिर बने प्रोवोस्ट

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले से कार्य कर रहे सात प्रोवोस्ट और चार असिस्टेंट प्रोवोस्ट का कार्यकाल अग्रिम आदेशों तक बढ़ा दिया है. कुलपति के अनुमोदन पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को इसका आदेश जारी किया. इसमें आचार्य नरेंद्र देव हास्टल के प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, महमूदा हास्टल के प्रोवोस्ट डा. ओपी शुक्ला, हबीबुल्लाह के डा. महेंद्र कुमार, डा. बीआर अंबेडकर ला हास्टल की डा. अर्चना सिंह सहित कई अन्य नाम शामिल हैं.

नई दवाओं की खोज जरूरी

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में गुरुवार को सीएसआइआर-सीडीआरआइ की मुख्य वैज्ञानिक डा. समन हबीब ने एमिनेंट लेक्चर दिया. ए यूनिक ऐवोलुशनरी इवेंट एंड टार्गेट्स फार इंटरवेंशन अगेंस्ट मलेरिया विषय पर उन्होंने बताया कि मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है. इसकी दवाइयां भी कम है. इलाज में प्रतिरोधकता उत्तपन्न कर देती है. इसलिए नई दवाइयों की खोज की आवश्यकता है. कार्यक्रम में निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

एलयू में हुआ युवा संसद कार्यक्रम

लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरुवार को युवा संसद का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि समाज कार्य विभाग की प्रो. अन्विता वर्मा एवं रमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे. इस अवसर पर छात्रों में नेतृत्व की क्षमता का विकास करने के लिए प्रतियोगिता भी हुई. बीपीएड चौथे सेमेस्टर की टीम विजय रही. कार्यक्रम में डा. मो. तारिक, डा. शशि कनौजिया, डा. संजय श्रीवास्तव, डा. अवधेश शुक्ला, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे.

प्री पीएचडी कोर्स वर्क विधि का आया रिजल्ट

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने प्री पीएच.डी कोर्स वर्क (सत्र 2022-23) के परिणाम जारी कर दिए. 36 में से पांच विद्यार्थी फेल हुए हैं. परिणाम की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है.

गर्ल्स के लिए नया टॉयलेट दो वाटर कूलर भी लगेंगे

एलयू वीसी ने पुराने परिसर का किया औचक निरीक्षण

LUCKNOW (18 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय बढ़ती गर्मी और गर्म मौसम को देखते हुए गुरुवार को अचानक पुराने परिसर का निरीक्षण करने निकले. उन्होंने वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी का दौरा किया. स्टूडेंट्स, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों से बातचीत की और समस्याएं पूछीं. उन्होंने नए वाणिज्य ब्लाक में लड़कियों के लिए एक नया टॉयलेट बनाने और दो अलग-अलग मंजिलों पर वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए.

पब्लिक एड्रेस सिस्टम

उन्होंने वाणिज्य ब्लाक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. राय ने निर्माण विभाग के इंजीनियरों को दोनों परिसर में गुणवत्तापूर्ण छात्र सुविधाएं, ठंडा और स्वच्छ पीने का पानी, स्वच्छ शौचालय आदि सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

कैसी चल रही तैयारी

वीसी टैगोर लाइब्रेरी पहुंचे. यहां उन्होंने पुस्तक निर्गम काउंटर पर स्टूडेंट्स से बातचीत की. संबंधित विषयों पर सवाल पूछे. बजट, कृषि अर्थशास्त्र और संबंधित क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए उन्होंने एमए अर्थशास्त्र की छात्रा मानसी को पढ़ने और तैयारी के बारे में कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए. वीसी ने कुछ छात्रों से आगामी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में पूछा. प्रो. राय ने कहा कि छात्रों के साथ व्यावहारिक जुड़ाव की दिशा में एक नियमित दौरा था.

एक नजर में

अग्रिम आदेशों तक फिर बने प्रोवोस्ट, आदेश जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले से कार्य कर रहे सात प्रोवोस्ट और चार असिस्टेंट प्रोवोस्ट का कार्यकाल अग्रिम आदेशों तक बढ़ा दिया है। कुलपति के अनुमोदन पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को इसका आदेश जारी किया। इसमें आचार्य नरेंद्र देव हास्टल के प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, महमूदा हास्टल के प्रोवोस्ट डा. ओपी शुक्ला, हबीबुल्लाह के डा. महेंद्र कुमार, डा. बीआर अंबेडकर ला हास्टल की डा. अर्चना सिंह सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। (संवाद)

16 विद्यार्थी बने योग प्रशिक्षक

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के 16 पूर्व छात्र-छात्राओं का आयुष विभाग के तहत संचालित राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ है। कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि इन चिकित्सालयों में आने वाले रोगियों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, जोड़ों के रोग, दमा, अनिद्रा व तनाव प्रबंधन के लिए प्रशिक्षक योगाभ्यास सिखायेंगे। उन्होंने बताया कि डॉ. अर्चना वर्मा, मीनाक्षी सिंह, सीमा यादव, सविता वर्मा, अंजलि महतो, सरिता रावत, अनीता, सौम्या अग्निहोत्री, सुमित गौतम, कौशल किशोर, प्रेम कुमार, दुर्गेश गौड़, गुरुदेव कुमार, बॉबी खान, महेश कुमार का चयन हुआ है। (संवाद)

लवि में युवा संसद कार्यक्रम

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरुवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाज कार्य विभाग की प्रो. अन्विता वर्मा एवं रमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता में बीपीएड चौथे सेमेस्टर की टीम विजेता रही। यह विपक्षी टीम थी। (संवाद)

नई दवाओं की खोज जरूरी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में गुरुवार को सीएसआइआर-सीडीआरआइ की मुख्य वैज्ञानिक डा. समन हबीब ने एमिनेंट लेक्चर दिया। ए यूनिक ऐवोलुशनरी इवेंट एंड टार्गेट्स फार इंटरवेंशन अगेंस्ट मलेरिया विषय पर उन्होंने बताया कि मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। इसकी दवाइयां भी कम है। इलाज में प्रतिरोधकता उत्तपन्न कर देती है। इसलिए नई दवाइयों की खोज की आवश्यकता है। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

16 विद्यार्थी बने योग प्रशिक्षक

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के 16 पूर्व छात्र-छात्राओं का आयुष विभाग के तहत संचालित राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ है। कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि इन चिकित्सालयों में आने वाले रोगियों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, जोड़ों के रोग, दमा, अनिद्रा व तनाव प्रबंधन के लिए प्रशिक्षक योगाभ्यास सिखायेंगे। चयनित होने वालों में डा.अर्चना वर्मा, मीनाक्षी सिंह, सीमा यादव, सविता वर्मा, अंजलि महतो, सरिता रावत, अनीता, सौम्या अग्निहोत्री, सुमित गौतम, कौशल किशोर, प्रेम कुमार, दुर्गेश गौड़, गुरुदेव कुमार, बाबी खान और महेश कुमार का चयन हुआ।

AMRIT VICHAR PAGE 4

शोध | लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा निहारिका शुक्ला ने किया शोध

क्रोध पर विराम लगाएगा निहारिका का शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अगर आपको बार- बार गुस्सा आ रहा है, तो परेशान मत होइए। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इसका उपाय ढूंढ निकाला है। विश्वविद्यालय की छात्रा ने समस्या से निजात के लिए 22 विश्वविद्यालयों के 200 छात्रों का सहारा लेकर अपना शोध पूरा किया है। ऐसे में निकले नतीजे आमजन को बड़ी राहत देने वाले हैं।

विवि की छात्रा निहारिका शुक्ला बताती हैं कि उन्होंने स्व-नियमन के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर शोध किया है। 22 विश्वविद्यालयों की मदद ली गई है। इसमें अध्ययनरत उन 200 छात्रों को शामिल किया गया, जिनको काम करते समय अक्सर गुस्सा आ जाता था। 21 दिनों तक चली काउंसलिंग में सभी के बीच बड़ा बदलाव देखने को मिला हैं।

मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख के साथ शोधार्थी छात्रा निहारिका शुक्ला।

एंगर मीटर सहित अन्य विधियों का प्रयोग

22 छात्रों के व्यवहार को चिंहित करते हुए संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी का सहारा लिया गया। छात्रों के गुस्से को प्रबंधित करने के लिए एंगर मीटर, डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज, प्रोग्रेसिव मस्कुलर रिलैक्सेशन तकनीकी, संघर्ष समाधान और मुखरता के सहारे छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

21 दिन बाद आया तेजी से बदलाव

21 दिन की काउंसलिंग के बाद छात्रों के व्यवहार का आंकलन किया गया। आत्म- नियमन के निर्धारण में पुनर्मूल्यांकन के दौरान देखा गया कि परिणामों के साथ छात्रों के अध्ययन स्तर में भी तेजी से बदलाव आए हैं।

तीन चरणों से हुआ आकलन

लखनऊ विवि में मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला बताती हैं कि उनकी देखरेख में हुए शोध अध्ययन में तीन चरणों को सम्मलित किया गया। आंकलन के आधार पर क्रोध, आत्म विनियमन और निपटने की रणनीतियों के स्तर का आंकलन किया गया।

लविवि में कुलपति ने व्यवस्थाओं का जाना हाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति गुरुवार को वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। छात्रों और कर्मचारियों के अलावा संकाय सदस्यों से बातचीत भी की।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सबसे पहले नए वाणिज्य ब्लॉक में पहुंचे। छात्राओं से बातचीत की तो पता चला कि वॉटर कूलर की कमी है। ऐसे में उन्होंने नए शौचालयों के अलावा अलग-अलग मंजिलों पर दो वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी शामिल किए जाने को कहा गया। टैगोर लाइब्रेरी पहुंचकर कुलपति ने पुस्तक निर्गम काउंटर पर छात्रों से बातचीत की और संबंधित विषयों पर सवाल पूछे। यहां एमए अर्थशास्त्र की छात्रा मानसी को व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कुछ छात्रों से परीक्षाओं की तैयारी के बारे में पूछा। इस दौरान विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

छात्रा से जानकारी लेते कुलपति।

▸▸ छात्र-छात्राओं से बातचीत के बाद दिए सुझाव

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

कुलपति ने लविवि का किया दौरा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। मौसम के बदलते मिजाज ने राजधानी में गर्मी बढ़ा दी है। इसी को देखते हुए कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय अचानक लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर पहुंचे। उन्होंने वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी का दौरा किया और छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों से बातचीत की। नए वाणिज्य ब्लॉक में उन्होंने छात्राओं के लिए एक नया शौचालय बनाने और दो अलग-अलग मंजिलों पर दो वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए। कुलपति ने वाणिज्य ब्लॉक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। टैगोर लाइब्रेरी में कुलपति ने पुस्तक निर्गम काउंटर पर छात्रों से बातचीत की और संबंधित विषयों पर सवाल पूछे। बजट, कृषि अर्थशास्त्र और संबंधित क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए उन्होंने एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्रा मानसी को पढ़ने और तैयारी के बारे में कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने कुछ छात्रों से आगामी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में पूछा। इसके अलावा उन्होंने निर्माण विभाग के इंजीनियरों को प्रत्येक परिसर में गुणवत्तापूर्ण छात्र सुविधाएं, ठंड और स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रो.राय ने कहा कि एक सुसंगत शिक्षण सीखने के माहौल के लिए भावनात्मक, शारीरिक, सांस्कृतिक और संज्ञानात्मक संतुलन को शामिल करने वाला एक पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है और हम लविवि के परिसरों में यह सब एक अच्छा संतुलन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

लविवि ने दो छात्रों के बीच किया क्रोध प्रबंधन पर शोध

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच स्व-नियमन के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर शोध, मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ.अर्चना शुक्ला की देखरेख में शोध छात्रा निहारिका शुक्ला द्वारा किया गया था। अध्ययन को तीन चरणों में विभाजित किया गया था। पहले चरण में विश्वविद्यालय के 200 छात्रों को क्रोध, आत्म विनियमन और निपटने की रणनीतियां के स्तर का आकलन करने के लिए चुना गया था। दूसरे चरण में विश्वविद्यालय के 22 छात्रों का चयन किया गया। जो स्व-नियमन तकनीकों-संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर आधारित परामर्श के लिए क्रोध में उच्च थे। परामर्श सत्र 21 दिनों के लिए आयोजित किए गए थे। जिसमें छात्रों ने गुस्से को प्रबंधित करने के लिए कुछ तकनीकें सीखीं जैसे कि एंगर मीटर,डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज, प्रोग्रेसिव मस्कुलर रिलैक्सेशन तकनीक, संघर्ष समाधान, मुखरता प्रशिक्षण आदि।तीसरे चरण में 22 छात्रों का क्रोध, आत्म-नियमन और निपटने की रणनीतियां के स्तर को निर्धारित करने के लिए पुनर्मूल्यांकन किया गया। परिणामों ने विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच गुस्से, आत्म-नियमन और निपटने की रणनीतियां में सकारात्मक बदलाव का संकेत दिया। कुल मिलाकर, इस अध्ययन ने विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच आत्म-नियमन के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर परामर्श देकर, आत्म-नियमन को बढ़ाने और अनुकूली निपटने की रणनीतियां को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। जिससे उन्हें अपने सामान्य स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने में मदद मिली।

16 विद्यार्थी बन गए योग प्रशिक्षक

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन

LUCKNOW (18 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के 16 पूर्व छात्रों का आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ है. कार्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने बताया कि इन चिकित्सालयों में आने वाले मधुमेह, उच्च रक्त चाप, मोटापा, जोड़ो के रोग, दमा, अनिद्रा और तनाव इत्यादि के प्रबंधन के लिए योग प्रशिक्षक रोगियों को योगाभ्यास सिखाएंगे. चयनित होने वालों में डा.अर्चना वर्मा, मीनाक्षी सिह, सीमा यादव, सविता वर्मा, अंजलि महतो, सरिता रावत, अनीता, सौम्या अग्निहोत्री, सुमित गौतम, कौशल किशोर, प्रेम कुमार, दुर्गेश गौड़, गुरुदेव कुमार, बाबी खान और महेश कुमार का चयन हुआ।

योग फैकल्टी के १६ छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के 16 पूर्व छात्र-छात्राओं का आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षक के रूप विगत दिनों चयन हुआ है। इस संबंध में विभाग के कार्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि इन चिकित्सालयों में आने वाले मधुमेह, उच्चरक्तचाप, मोटापा, जोड़ो के रोग, दमा, अनिद्रा और तनाव इत्यादि के प्रबंधन के लिए योग प्रशिक्षक रोगियों को योगाभ